भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 694
दिनांक 07.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न

694. श्री अनिल यशवंत देसाई :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले दो महीनों के दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुए उत्पीड़न के सूचित किए गए मामलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हुए हमलों के साथ-साथ घायल/मृत हिंदुओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार हिंदुओं की सुरक्षा के लिए तथा बांग्लादेश के साथ राजनयिक, सैन्य या व्यापार एवं वाणिज्य बढ़ाने के लिए कोई कदम उठा रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में बांग्लादेश सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) क्या भारत सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप बांग्लादेश में हिंदुओं में अब सुरक्षा की कोई भावना पैदा हुई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) पिछले दो महीनों *(***26** नवंबर**, 2024** से **25** जनवरी**, 2025** तक*)* के दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों की **76** घटनाएं सामने आई हैं।

(ख) अगस्त से अब तक बांग्लादेश में 23 हिंदुओं की मौत और हिंदू मंदिरों पर हमले की 152 घटनाएं सामने आई हैं।

(ग) से (च) भारत सरकार ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की घटनाओं को संज्ञान में लिया है और बांग्लादेश सरकार के साथ अपनी चिंताओं को साझा किया है। 09 दिसंबर, 2024 को विदेश सचिव की बांग्लादेश यात्रा के दौरान हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के संबंध में भारत की अपेक्षाओं को दोहराया गया। 10 दिसंबर, 2024 को बांग्लादेश सरकार ने एक प्रेस वार्ता में घोषणा की कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों से संबंधित 88 मामलों में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया था; पुलिस जांच में बाद में 1254 घटनाओं की पुष्टि हुई। अल्पसंख्यकों सहित बांग्लादेश के सभी नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा की प्राथमिक जिम्मेदारी बांग्लादेश सरकार की है। ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग अल्पसंख्यकों से संबंधित स्थिति पर बारीकी से नज़र रखे हुए है।

****